नव भारत




5 33 साइंटिस्ट्स को मिले विज्ञान पुरस्कार



6 चाँद से सूरज तक भारत की अंतरिक्ष विजय



7 6 महीने में बदल जाएगा पुराना इनकम टैक्स कानून!



8 भारतीय खिलाड़ियों को मणिपुर सम्मान

## एक नजर में



### जजपा के छठें विधायक नरवाना ने पार्टी छोड़ी

**हरियाणा.** जननायक जनता पार्टी के छठे विधायक ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. नरवाना के विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने पार्टी के साथ-साथ एमएमए पद से भी इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने स्पीकर को इस्तीफा भेज दिया है. आचार संहिता लगने चुकी है और चुनाव की तैयारियां जोरों पर है. अब देखना होगा कि रामनिवास सुरजाखेड़ा किस पार्टी में जाएंगे. पार्टी में इससे पहले दसे में से पांच विधायक इस्तीफा दे चुके हैं.

### आईटीबीपी में एडीजी पद पर एक गैर-आईपीएस

**नई दिल्ली.** संजीव रैना को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के पद पर पदोन्नत किया गया है. वह आईटीबीपी के 1987 बैच के अधिकारी हैं और अभी भोपाल में बल के केंद्रीय मुख्यालय में महानिरीक्षक (आईजी) के रूप में सेवा दे रहे हैं. यह दूसरी बार है, जब किसी गैर-आईपीएस अधिकारी को इस पद पर पदोन्नत किया गया है.

### बच्चियों को भी नहीं बख्शा जा रहा, यह कैसी स्थिति

**मुंबई.** बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र के ठाणे स्थित बदलापुर के एक स्कूल परिसर में दो नाबलिग लड़कियों से रेप पर कहा कि आज कैसे माहौल पैदा हो गया है, ऐसे में बच्चियों को भी नहीं बख्शा जा रहा है. दूसरी तरफ पुलिस की कार्रवाई से नाराज कोर्ट ने उन्हें जबरदस्त फटकार लगाया. कोर्ट ने मामले पर कहा कि अगर स्कूल ही सेफ नहीं है तो शिक्षा के अधिकार और बाकी चीजों की बात करने का क्या मतलब है. कोर्ट ने कहा कि अब 4 साल की लड़कियों को भी नहीं बख्शा जा रहा. यह कैसी स्थिति है. यह बहुत चौंकाने वाली बात है. कोर्ट ने राज्य सरकार और पुलिस से कहा कि अगर आप किसी भी तरह मामले को दबाने की कोशिश करेंगे तो हम एक्शन लेने से नहीं हिचकिचाएंगे.

### पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 15 सितंबर तक

**नई दिल्ली.** गणतंत्र दिवस, 2025 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2025 के लिए नामांकन/सिफारिश 01 मई, 2024 से शुरू हो गई हैं. पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख 15 सितंबर, 2024 है. पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/ सिफारिश केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी. पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं. वर्ष 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है.

# 14 आतंकी पकड़े

## दिल्ली दहलाने की थी साजिश

**नई दिल्ली, 22 अगस्त. दिल्ली पुलिस ने झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से 14 लोगों को हिरासत में लेकर अलकायदा के एक आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया है. अधिकारियों ने बताया कि खुफिया जानकारी मिलने के बाद राज्यों के पुलिस बलों के साथ मिलकर एक अभियान चलाया गया.**

दिल्ली पुलिस के एक बयान में कहा गया, मॉड्यूल का नेतृत्व रांची (झारखंड) का डॉ. इश्तियाक नाम का व्यक्ति कर रहा था. उसकी देश के भीतर 'खिलाफत' की घोषणा करने और गंभीर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की मंशा थी.

बयान के अनुसार, आतंकवादी मॉड्यूल के सदस्यों को अलग-अलग जगहों पर हथियार चलाने सहित कई तरह का प्रशिक्षण दिया गया था. इसमें बताया गया कि राजस्थान के भिवाड़ी से 6 लोगों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण लेते समय हिरासत में लिया गया. झारखंड और उत्तर प्रदेश से आठ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया. अधिकारियों ने बताया कि इन लोगों से पूछताछ की जा रही है. और भी लोगों को हिरासत में लिए जाने की संभावना है. अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी की जा रही है. छापेमारी के दौरान कई तरह के हथियार, गोला-बारूद और आतंकी गतिविधियों से जुड़ीं किताबें बरामद हुई हैं. इस मॉड्यूल की मंशा और लोकेशन के बारे में पुख्ता खुफिया सूचना के बाद दिल्ली पुलिस ने ये संयुक्त अभियान शुरू किया. अभियान में दिल्ली पुलिस के अलावा झारखंड एटीएस, राजस्थान पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस शामिल हैं.




### भारी मात्रा में हथियार बरामद

एके-47 राइफल एक .38 बोर रिवॉल्वर .38 बोर के 6 कारतूस, .32 बोर के 30 कारतूस, एके-47 के, 30 कारतूस, एक डमी इंसास, एक एयर राइफल, एक आयरन एल्बो पाइप, एक हैंड ग्रेनेड समेत कई चीजें बरामद हुई है. फिलहाल विभिन्न स्थानों पर पूछताछ चल रही है और अतिरिक्त गिरफ्तारियों की भी उम्मीद है.

### जयपुर एयरपोर्ट पर साइंटिस्ट बोला- मेरे बैग में बम है

**जयपुर, 22 अगस्त.** राजस्थान की राजधानी जयपुर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बार फिर बम की अफवाह से हड़कंप मच गया। 22 अगस्त को एयरपोर्ट पर सुबह सामान की जांच के दौरान एक यात्री से पूछा गया कि बैग में क्या है? यात्री ने कहा कि बम है। बस फिर क्या एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। सुरक्षाकर्मी अलर्ट मोड में आ गए। फौरन यात्री को हिरासत में ले लिया गया। हालांकि, यात्री के बैग में बम नहीं मिलने पर सीआईएसएफ और एयरपोर्ट स्टाफ ने राहत की सांस ली। बम की अफवाह के चक्कर में सुबह 9.45 पर भोपाल जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट एक घंटे देरी से उड़ान भर सकी। संबंधित यात्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी है। एयरपोर्ट थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। जयपुर एयरपोर्ट से गुरुवार को इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट से एक ट्रांजिट (कनेक्टिंग) यात्री को भोपाल जाना था। सुबह साढ़े नौ बजे एयरपोर्ट पर लगेज चेकिंग के दौरान स्टाफ ने यात्री से उसके बैग में रखे सामान की जानकारी मांगी।

# श्योपुर को सीएम की सौगातें

## बोले सीएम डॉ. यादव-30 लाख परिवारों को तेंदूपत्ता का बोनस

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 22 अगस्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को श्योपुर जिले के कराहल में आयोजित तेंदूपत्ता बोनस वितरण कार्यक्रम में तेंदूपत्ता संग्राहकों को 115 करोड़ की बोनस राशि वितरण करने के साथ ही 38 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को सौगातें दीं.**

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत, मंत्री ऐदल सिंह कंशाना इस दौरान मौजूद थे। उन्होंने कहा कि श्योपुर में ही रह जाने का मन होता है। यह प्रकृति का अद्भुत संगम है। सीएम ने 37 करोड़ 70 लाख के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। झरेर से डाबली सहित 3 सड़कों के निर्माण की अनुमति भी सीएम ने दी है। उन्होंने कहा कि जो लघु वन समिति 1 हजार बोरा तेदूंपत्ता खरीदेगी, उसे अब 13 हजार से बढ़ाकर 14 हजार वेतन मान दिया जाएगा। वहीं प्राथमिक समितियों को 2 हजार से ज्यादा बोरा खरीदने पर 16 हजार और 1500 बोरा पर समिति को 15 हजार वेतनमान दिया जाएगा।




### डेढ़ लाख करोड़ से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में संभागवार रीजनल इंडस्ट्री समिट का आयोजन हो रहा है। अब तक लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ग्वालियर में 28 अगस्त को रीजनल इंडस्ट्री समिट आयोजित की जाएगी। इससे मुरैना, श्योपुर, भिंड, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर सहित पूरे संभाग में निवेश के नए कार्य प्रारंभ होंगे, जिससे रोजगार के अनेक अवसर पैदा होंगे।

### सबरी माता का मंदिर बनाने की भी घोषणा

3 बांधों की मरम्मत सहित मंत्री रामनिवास रावत की सभी मांगों को पूरा किए जाने की सीएम ने की घोषणा की। कराहल में सबरी माता का मंदिर और नवीन विद्युत सब स्टेशन बनाने, कराहल में नगर पंचायत भवन, नवीन विद्युत सब स्टेशन बनाने की भी घोषणा की।

### श्योपुर को मेडिकल कॉलेज की सौगात

सीएम ने श्योपुर के मेडिकल कॉलेज का जल्द लोकार्पण करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि साढ़े 3 लाख करोड़ के बजट को बढ़ाकर साढ़े 7 लाख करोड़ तक प्रदेश के बजट को ले जाएंगे। मध्यप्रदेश को देश में नंबर वन प्रदेश बनाएंगे।

# लोकतांत्रिक अधिकार कांग्रेस की प्राथमिकता

- जम्मू-कश्मीर को लेकर बोले राहुल
- जम्मू-कश्मीर के लोगों से कांग्रेस का गहरा जुड़ाव

**श्रीनगर 22 अगस्त. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी का प्राथमिक उद्देश्य जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बहाल करना है.**

जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर आये श्री गांधी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि वह केन्द्रशासित प्रदेश और देश के बाकी हिस्सों के लोगों को यह संदेश देना चाहते हैं कि उनका प्रतिनिधित्व सबसे महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोग अपने लोकतांत्रिक अधिकारों को फिर से हासिल करें. मेरा जम्मू-कश्मीर के लोगों से गहरा जुड़ाव है और मेरा उन्हें संदेश है कि कांग्रेस पार्टी हमेशा उनका समर्थन करने के लिए मौजूद है.



### चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहे लोग

उन्होंने कहा कि लोग चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं और वे चाहते हैं कि हिंसा खत्म हो. अपनी भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य सम्मान और भाईचारे के जरिए 'नफरत के बाजार में प्यार की दुकान खोलना' है. इससे पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि जम्मू-कश्मीर का राज्य से केंद्र शासित प्रदेश में बदलना अभूतपूर्व है. उन्होंने कहा, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ.

# सुप्रीम निर्देश-हड़ताली डॉक्टर काम पर लौटें

- कोलकाता रेप-मर्डर केस का मामले में अपील
- डॉक्टरों पर न कार्रवाई हो उनकी सुरक्षा का रखें ध्यान

**नयी दिल्ली, 22 अगस्त (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने कोलकता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ ड्यूटी के दौरान कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में आंदोलनरत देशभर के डॉक्टरों को अपने काम पर तत्काल लौटने की गुरुवार को अपील की और काम पर लौटने वाले आंदोलनकारी डॉक्टरों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने के साथ ही उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का सरकारों को निर्देश दिया. मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने घटना के स्वत: संज्ञान मामले में सुनवाई के दौरान सभी संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं.

नौ अगस्त को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद देशभर के अस्पतालों में मरीजों की समस्याओं पर गौर करते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने पीठ की ओर डॉक्टर से भावनात्मक अपील करते हुए कहा, न्याय और चिकित्सा हड़ताल पर नहीं जा सकते. क्या हम अब उच्चतम न्यायालय के बाहर जाकर बैठ सकते हैं? पीठ ने अपने आदेश में कहा डॉक्टरों ने आशंका जताई है कि उनमें से कुछ पर पिछले दिनों हुए विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के कारण कार्रवाई की जा रही है. हमें आश्वासन दिया गया है कि डॉक्टर काम पर वापस लौट आएंगे... और आज (22 अगस्त 2024) के आदेश के बाद काम पर वापस आने वाले डॉक्टरों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी.



### सबूतों से हुई छेड़छाड़ : सीबीआई

कोलकाता कांड में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में अपनी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर दी है. ट्रेनी महिला डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले में सीबीआई ने दावा किया है कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज में क्राइम सीन यानी मौके पर छेड़छाड़ की गई है. पुलिस ने अंतिम संस्कार के बाद एफआईआर दर्ज की.

# महिला डॉक्टर से छेड़छाड़

## बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज का मामला, नहीं हुई कार्रवाई

**सागर 22 अगस्त.सागर** के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में एक महिला डॉक्टर से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. सुरक्षा कर्मियों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया, लेकिन पुलिस ने उचित कार्रवाई नहीं की. कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है, जबकि पुलिस पर मामले को दबाने का आरोप है.

जहां अभी तक कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में महिला के डॉक्टर के साथ हुई घटना की जांच चल रही है वहीं अब मप्र में सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भी महिला डॉक्टर से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इसमें मरीज के स्वजन ने वार्ड से निकल रही पीजी डॉक्टर से अभद्र टिप्पणी कर छेड़छाड़ की. इसके बाद महिला डॉक्टर ने सुरक्षाकर्मियों को इसकी जानकारी दी, जिन्होंने आरोपी को पकड़ कर मेडिकल कॉलेज स्थित चौकी पुलिस को सौंप दिया.

**पुलिस का उदासीन रवैया:** कार्रवाई को लेकर कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस से शिकायत भी की है, लेकिन पुलिस इस मामले में उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं. जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय शख्स ने महिला डॉक्टर से खाना खाने का कहते हुए अभद्र टिप्पणी की.

# खाई में बस गिरने से छह लोगों की मौत

- बस में सवार थे 25 लोग, 19 लोग घायल
- तीन हेलीकाप्टर से घायलों को पहुंचा रहे अस्पताल

**लेह, 22 अगस्त.** लेह,के दुर्गुक इलाके में गुरुवार को एक भीषण हादसा हो गया. यहां एक स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त होकर 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी. इसमें छह लोगों के मारे जाने की शुरुआती जानकारी आ रही है.

वहीं करीब 19 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं. हादसे की सूचना मिलने के बाद बचाव दल मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा. लेह के डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि घायलों को सेना और सीएचसी तांगत्से स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में भर्ती कराया गया है. प्रशासन ने घायलों को लेह के जिला अस्पताल ले जाने के लिए तीन हेलीकॉप्टरों की तैनाती की है. बचाव कार्य भारतीय सेना, लद्दाख पुलिस, राजस्व विभाग के अधिकारियों और स्थानीय निवासियों द्वारा तेजी से शुरू किए गए.



### शादी में शामिल होने जा रहे थे सभी


बस में लगभग 25 यात्री सवार थे, जिनमें दो बच्चे और 23 स्कूल के कर्मचारी थे. यह बस एक कर्मचारी की शादी में शामिल होने के लिए डुरबुक जा रही थी, तभी डुरबुक मोड के पास यह एक गहरी खाई में जा गिरी.

# एनसी और कांग्रेस में गठबंधन

- जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे
- पूर्व सीएम डॉ. फारूख अब्दुल्ला ने किया एलान

**श्रीनगर, 22 अगस्त (वार्ता) जम्मू कश्मीर में चुनाव की घोषणा होते ही नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि विधानसभा चुनावों के लिए उनकी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया गया है.**

श्री अब्दुल्ला ने यहां कहा कि गठबंधन पर पूरी सहमति बन गयी है और ईश्वर की कृपा से यह अच्छी तरह से चलेगा. उन्होंने कहा, गठबंधन को लेकर दोनों दलों ने फैसला कर लिया है जो आज शाम तक मंजूर हो जाएगा. गठबंधन सभी 90 सीटों के लिए किया गया है. उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर में 18 सितम्बर से एक अक्टूबर तक तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होने वाला है.



## गुस्ताखी माफ




**बोले डोनाल्ड टस्क** | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के बीच द्विपक्षीय वार्ता

# भारत-पोलैंड की मित्रता को मजबूत करने में मोदी की अहम भूमिका

**वारसॉ/नयी दिल्ली, 22 अगस्त.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने दोनों देशों के बीच संबंधों को नयी गति देने के लिए गुरुवार को द्विपक्षीय वार्ता की. पीएम मोदी ने अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ साझा प्रेस वार्ता को संबोधित किया. वहीं पोलैंड के पीएम के संबोधन पर प्रतिक्रिया देते हुए पीएम मोदी कहा- मैं प्रधानमंत्री टस्क के इस सुंदर शहर वारसॉ में उनके शब्दों और गर्मजोशी से भरे स्वागत के लिए उनका बहुत आभारी हूं. भारत-पोलैंड मैत्री को मजबूत करने के लिए आपके अमूल्य प्रयास वास्तव में सराहनीय हैं. मैं आपके योगदान के लिए तहे दिल से आपका धन्यवाद करता हूं. प्रधानमंत्री ने डोनाल्ड टस्क से कहा आप लंबे समय से भारत के अच्छे मित्र रहे हैं. भारत और पोलैंड की मित्रता को मजबूत करने में आपका बहुत बड़ा योगदान है. श्री टस्क ने पोलैंड की राजधानी वारसॉ में संघीय चांसलरी में श्री मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया. पैंतालीस वर्षों के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पोलैंड की यह पहली यात्रा है. स्वागत के बाद श्री मोदी ने अपने समकक्ष के साथ द्विपक्षीय वार्ता की. प्रधानमंत्री के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भी थे.



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा भारत-पोलैंड साझेदारी में एक नया मील का पत्थर. पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने वारसॉ में संघीय चांसलरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनका औपचारिक स्वागत किया. पैतालीस वर्षों के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पोलैंड की यह यात्रा भारत-पोलैंड साझेदारी को नयी गति प्रदान करेगी. इसके अलावा, विदेश मंत्री ने अपने समकक्ष राडोस्लाव सिकोरस्की के साथ बातचीत की. एक्स पर एक पोस्ट में, विदेश मंत्री ने कहा आज सुबह पोलैंड के विदेश मंत्री के साथ अच्छी बातचीत हुई. यक्रेन संघर्ष, इंडो-पैसिफिक स्थिति और द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा हुई. मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा भारत-पोलैंड संबंधों को नयी गति प्रदान करेगी.

### आंध्र प्रदेश विस्फोट में मृत लोगों को प्रधानमंत्री राहत कोष से सहायता

**नयी दिल्ली, 22 अगस्त (वार्ता).** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली की एक फैक्ट्री में बुधवार को दुर्घटना में लोगों के हताहत होने पर शोक व्यक्त किया है. मोदी ने गुरुवार को एक संदेश में हादसे में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और पीड़ितों को अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है. प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुसार प्रत्येक मृतक के निकट संबंधी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये तथा घायलों को पचास-पचास हजार रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी. प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट में हादसे में लोगों की मृत्यु से आहत हूं.